हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

माघी मेला को लेकर कलेक्टर-एसपी ने किया मेला ग्राउंड, महोत्सव स्थल व नदी तट का निरीक्षण
4



## खेतों तक नहीं पहुंच रहा पानी, रबी फसल लगाने वाले किसान परेशान

# नहर की धार इतनी पतली बोआई करते बन रहा ना छोड़ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में कहने को तो सप्ताह भर पहले ही हसदेव बांगो नहर की धार छोड़ दी गई है, लेकिन टेल एरिया तो दूर की बात ऊपरी हिस्सों में भी नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है। नहर की इतनी पतली धार देखकर किसान चिंतित है। बोनी का समय निकलते जा रहा है और पानी की कमी के चलते जुताई का काम नहीं हो पा रहा है।

गौरतलब है कि जिले की जीवनदायिनी हसदेव बांगो नहर में रबी फसल के लिए पानी देने का निर्णय जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिया गया था। इसके तहत बीते सप्ताह भर से हसदेव बांगो बांध से नहर में पानी छोड़ा गया है, लेकिन नहर की धार इतनी पतली है कि वह वितरक शाखा से तो दूर की बात मुख्य शाखा से लगे खेतों तक भी नहीं पहुंच पा रही है। जिला मुख्यालय मुख्य शाखा नहर में भी पानी का स्तर आधे के लगभग है, लेकिन प्रवाह इतनी कम है कि आगे धुरकोट वितरक शाखा से नवागढ़ की ओर मुख्य शाखा में घुटने से अधिक पानी नहीं है। ऐसे में इस क्षेत्र की वितरक शाखाओं में नहर की धार नहीं पहुंच रही है और पानी की कमी के चलते किसान जुताई और बोआई का काम नहीं कर पा रहे है। नवागढ़ क्षेत्र के तुलसी, गंगाजल, खैरताल, खपराडीह वितरक शाखाओं में नहर का पानी बड़ी मुश्किल से पहुंचा है। यहां खेतों में जितना पानी पहुंच रहा है, उससे ना तो जुताई करके बोनी करते बन रहा है और ना ही इस स्थिति में खेत को खाली छोड़ते। उल्लेखनीय है कि जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में बताया था कि बांध में पर्याप्त पानी है और पिछले साल जहां तक आसानी से सिंचाई हुई थी। वहीं तक इस बार भी रबी फसल के लिए पानी मिलेगा। इसके अलावा जिन शाखाओं में निर्माण कार्य होना है, वहां पानी नहीं दिया जाएगा। ऐसे में पिछले साल आसानी से सिंचाई होने वाले क्षेत्र के किसान इस बार भी रबी फसल लगाने के लिए तैयारी कर लिए है। खाद, बीज और खुर्रा जुताई का काम कमोबेस हो चुका है। ऐसे समय में नहर में कम पानी आने से बोआई का काम पिछड़ रहा है। किसानों का कहना है कि नहर में अब पर्याप्त पानी देना चाहिए, ताकि जुताई व बोआई के काम में तेजी आ सके।


नहर में पतली धार।

### की गई मांग

धान की फसल लगाने को लेकर नहर में पानी तो छोड़ दिया गया है लेकिन उसकी धार अभी पतली है। ज्यादा पानी छोड़े जाने को लेकर विभाग के अफसर से मांग की गई है।

-संदीप तिवारी,
सह संयोजक
कृषक चेतना मंच, जांजगीर चांपा

### डिमांड के अनुसार पानी

ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाने नहर में पानी छोड़ दिया गया है। जिन जगहों पर पानी को लेकर समस्या आ रही है। वहां की जानकारी ली जाएगी फिर जरूरत के हिसाब से पानी बढ़ाया जाएगा।

-शशांक सिंह,
ईई, जल संसाधन विभाग जांजगीर चांपा

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के नवनियुक्त जिला व ब्लॉक अध्यक्षों का शपथ समारोह आज

**चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला युवा कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज शुक्ला सहित ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह 11 बजे से मॉर्डन विलेज, गांधी भवन के पास छ.ग. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य और जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा और श्रीमती मंजू सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया है। जिला कांग्रेस परिवार जांजगीर-चांपा ने यह जानकारी देते हुए आमंत्रितों से कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 23 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बम भोले रामलीला मंडली चौक में संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार 23 जनवरी को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में जय मां चंडी विकास समिति बिर्रा के अध्यक्ष गोवर्धन देवांगन ने बताया कि संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन 23 जनवरी शुक्रवार से शुभारंभ किया जाएगा। कथा व्यास राजेंद्र कृष्ण महाराज के मुखारविंद से कथा का रस पान होगा। ज्ञान यज्ञ का समापन 1 फरवरी को होगा।

### कपिस्दा में आजीविका ऋण एवं रोजगार मेला आज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आजीविका सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन की दिशा में ठोस पहल करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन ग्राम पंचायत कपिस्दा में 16 जनवरी को आजीविका ऋण एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जएगा। 28 जनवरी जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल जी.एल.डी., स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में आजीविका ऋण एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

### थल सेना भर्ती रैली 24 को आयोजित, चल रही प्रक्रिया

**जांजगीर-चांपा।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी 2026 तक बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती रैली के लिए पूर्व में जून 2025 माह में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। सीईई में सफल अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले के सीईई उत्तीर्ण युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें जीडी श्रेणी के 686 अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे। वहीं 21 जनवरी को आयोजित होने वाली तकनीकी एवं ट्रेड्समैन के लिए 63 अभ्यर्थी युवा शामिल होंगे।

### जिले में पड़ रही शीतलहर, ठंड में सावधानी रखने की जरूरत

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सर्दियों के मौसम में कई प्रदेशों में शीतलहर एवं भारी ठंड की संभावना के संबंध में चेतावनी जारी की गई है, जिससे जन-धन की हानि की आशंका व्यक्त की गई है। जिला स्तर पर शीतलहर एवं ठंड से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# मड़वा पॉवर प्लांट में हादसा, घायल मजदूर ने अस्पताल में तोड़ा दम

## बीती रात बास्केट सीलिंग पलटने की हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मड़वा पॉवर प्लांट में काम करने के दौरान बास्केट सीलिंग पलटने की घटना हुई थी। इस घटना में ठेका श्रमिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर स्थिति में चांपा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 14 जनवरी को मड़वा प्लांट में कार्यरत प्राइवेट ठेका कंपनी दत्ता कंस्ट्रक्शन में काम करने वाले मजदूर गणेश राम यादव की ड्यूटी के दौरान हादसे में जान चली गई। बताया जा रहा है कि साइट पर काम करते समय बास्केट सीलिंग पलटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूर को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मृतक की पहचान गणेश राम यादव पिता लखनलाल यादव, उम्र 42 वर्ष, निवासी चुहिया, थाना बालको, जिला कोरबा के रूप में हुई है। हादसे में उसे कमर और दाहिनी आंख में गंभीर चोटें आई थीं। आनन-फानन में उसे चांपा के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को शासकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया है।


मडवा पॉवर प्लांट।

# एचएसआरपी शिविर के माध्यम से बनाए 356 के लायसेंस

**अकलतरा।** 37वां सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अकलतरा थाना परिसर में लर्निंग लाइसेंस एवं एचएसआरपी शिविर का आयोजन किया जिसमें 356 लोगों का लर्निंग लाइसेंस एवं 5 लोगों का एचएसआरपी बनाया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में 37वां सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात नियमों का पालन करने संबंधी जन जागरूकता का विभिन्न कार्यक्रम जिले में आयोजन किया जा रहा है। 15 जनवरी को यातायात पुलिस जांजगीर-चांपा एवं जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अकलतरा थाना परिसर में लर्निंग लाइसेंस एवं एचएसआरपी कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में 356 लोगों द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनवाया गया। शिविर में अधिकारियों द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। यातायात पुलिस ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस बनवाकर विधिवत प्रशिक्षण के साथ वाहन चलाना न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी सहायक है। शिविर के आयोजन में एसडीओपी प्रदीप सोरी, थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं थाना के पुलिस जवानों का योगदान रहा।

# एएसपी एवं एसडीओपी ने पेश की मानवता की मिसाल


घायलों को अस्पताल ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ सडक दुर्घटना में घायल दो लोगों को भिजवाया अस्पताल

दो बाइक की आपस में भिडत हो गई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान घटना स्थल से गुजर रहे एएसपी एवं एसडीओपी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए दो घायलों को पामगढ़ अस्पताल उपचार के लिए भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 15 जनवरी की दोपहर 3.45 बजे के आप पास राहौद बस्ती मेन रोड पर ओवर स्पीडिंग होने के कारण दो मोटरसाइकिल सवारों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालक घायल हो गए। उसी समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप एवं चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार घटनास्थल से गुजर रहे थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए दोनों अधिकारियों ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए एसडीओपी शिवरीनारायण के शासकीय वाहन से दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की सहयोग से उपचार हेतु पामगढ़ अस्पताल भिजवाया। मौके पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कश्यप ने कहा कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है।

### करियर प्वाइंट किड्स स्कूल में वार्षिक उत्सव 23 को

**बिर्रा।** कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 23 जनवरी को सुबह 10 बजे से रखा गया है। इस संबंध में कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा के संचालक बी एल सागर ने बताया कि करियर प्वाइंट स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 23 जनवरी दिन शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे से रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश जांगड़े सांसद होंगी। अध्यक्षता गगन जयपुरिया सभापति जिला पंचायत जांजगीर चांपा होंगे। विशिष्ट अतिथि सुश्री प्रज्ञा यादव बम्हनीडीह सीईओ एवं बीईओ श्रीमती रत्ना थवाईत, गीता प्रसाद तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, एफ एल साहू, निरीक्षक जय कुमार साहू थाना प्रभारी बिर्रा आदि होंगे।

## पराली में लगा रहे आग...


**जांजगीर-चांपा।** धान कटने के बाद किसान अपने खेत के पराली को आग के हवाले कर रहे है। इससे ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि खेतों की मृदा शक्ति भी कम हो रही है।

### निसंतान दंपतियों के लिए निशुल्क परामर्श शिविर 18 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल में निसंतान दंपतियों के लिए निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 18 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे से रखा गया है। शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा के संचालक डॉक्टर ईश्वर प्रसाद शुक्ला ने बताया कि माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बिलासपुर के तत्वाधान में 18 जनवरी दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे से शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा में निसंतान दंपतियों के लिए निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन रखा गया है। इस निशुल्क परामर्श शिविर पर अग्रिम पंजीयन कराकर लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# चंद्रपुर कालेज में दो प्रोफेसरों ने प्रभारी प्राचार्य से की मारपीट, थाने में जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चंद्रपुर स्थित महाविद्यालय में गुरूवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कॉलेज के दो प्रोफेसरों द्वारा प्रभारी प्राचार्य के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया।

आरोप है कि प्रोफेसर लक्ष्मी प्रसाद एवं ऋषि कुमार चंद्रा ने प्रभारी प्राचार्य के साथ कार्यालय में ही बेरहमी से पिटाई की। घटना में प्रभारी प्राचार्य को गंभीर चोटें आई हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों व सूत्रों के अनुसार, मारपीट के दौरान डॉ. ऋषि कुमार चंद्रा ने प्रभारी प्राचार्य की उंगली को दांत से काट लिया, जिससे उनकी उंगली में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। घटना के संबंध में बताया गया कि प्रभारी प्राचार्य अपने कक्ष में मौजूद थे, तभी डॉ. चंद्रा उनके कक्ष के बाहर खड़े थे। जब प्रभारी प्राचार्य बाहर आए और वहां खड़े होने का कारण पूछा, तो इसी बात को लेकर वाद-विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इसी दौरान डॉ. चंद्रा ने प्रभारी प्राचार्य पर छात्रों को नकल कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट की सूचना मिलते ही कॉलेज में हल्ला-गुल्ला शुरू हो गया। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य चंद्रपुर थाना पहुंचे, जहां कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र भी उनके साथ मौजूद रहे। छात्रों ने दोषी प्रोफेसर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, अन्यथा वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। हाल ही में कॉलेज की प्राचार्य भारद्वाज का सेवानिवृत्त हुआ है। एक मामले में तो एक प्रोफेसर द्वारा राष्ट्रपति को इच्छामृत्यु की मांग से जुड़ा पत्र लिखे जाने की चर्चा भी हुई थी, जिस पर चंद्रपुर थाने में बयान दर्ज किया गया था।

## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन संघ ने कलेक्टर से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

4 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन संघ ने कलेक्टर से फरियाद लगाई है। साथ ही अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसे लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर और प्रांतीय टीम के आह्वान पर 17 जनवरी को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, आंदोलन करने जा रहे हैं। इसी क्रम में 14 जनवरी को जिला सक्ती के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राज कुमार धारिया ने जिला संगठन एवं ब्लॉक संगठन के माध्यम से आंदोलन की सूचना जिला कलेक्टर सक्ती, पुलिस अधीक्षक सक्ती, जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सक्ती, पुलिस थाना प्रभारी बाराद्वार को लिखित सूचना दिया गया तथा 17 जनवरी के आंदोलन की धरना प्रदर्शन के लिए अनुमति मांगते हुए एसडीएम सक्ती को संगठन की अपनी चार सूत्री मांग मोदी की गारंटी सहित बताया कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी एलबी संवर्ग शिक्षक को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर सभी एलबी संवर्ग शिक्षकों को समस्त लाभ प्रदान किया जाए। शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने राज्य सरकार द्वारा आवश्यक पहल करने व शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति हेतु स्वयं के मोबाइल में व्हीएसके ऐप की अनिवार्यता समाप्त किया जाए। उपरोक्त 4 सूत्री मांगों के बारे में कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजकुमार धारिया ने बताते हुए कहा कि सक्ती जिला के ब्लाक जैजैपुर, ब्लाक मालखरौदा, ब्लॉक डभरा, ब्लाक सक्ती से सहायक शिक्षक, प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षक, उच्च प्राथमिक प्रधान पाठक, व्याख्याता समस्त एलबी संवर्ग हजारों की संख्या में धरना स्थल पर शामिल हो रहे हैं। प्रदेश संगठन मंत्री बिहारी लाल बरेठ, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राज कुमार धारिया, जिला उपाध्यक्ष अमृत रात्रे, जिला कोषाध्यक्ष उदय सिंह नेताम, जिला सहसचिव गिरजा शंकर दिनेश, ब्लाक अध्यक्ष सक्ती अभिमयु बघेल, जय प्रकाश बघेल, नरेंद्र सिदार, कृष्णा साहू, नंद किशोर नौरंगे, बृजभूषण चंद्रा आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद थे।



एसडीएम से मिलने पहुंचे शिक्षक संघ संघ के पदाधिकारी।

# जांजगीर-बलौदा मार्ग में भारी वाहन चलने से उड़ता है धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से जांजगीर बलौदा मार्ग में दिनभर धूल एवं जर्जर सड़क के चलते लोगों का आवागमन करना बड़ा मुश्किल हो रहा है। कई बार ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी इस दिशा में पहल नही की जा रही है।

जांजगीर-बलौदा मार्ग में चलना खतरों से खाली है। इस मार्ग पर आए दिन वाहनों का आवाजाही होते रहता है। इस मार्ग से होकर लोग बलौदा एवं बिलासपुर सहित कोरबा की ओर आना-जाना करते हैं। वही मार्ग में दिनभर धूल उड़ने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है खासकर ग्राम पंचायत जावलपुर, सिवनी, जर्वे एवं अन्य गांव में सड़क की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। इस समस्या को लेकर बलौदा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा करीब 3 महीने पहले कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को सड़क मरम्मत करने के साथ भारी वाहन के मार्ग में चलने पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सोपे जा चुका है लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तरह बनी हुई है।



## खबर संक्षेप



### किचन में निकला नाग, रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा गया जंगल में

**कोरबा।** सिंगापुर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर के किचन में गैस सिलेंडर के पीछे फन फैलाए हुए नाग को बैठे देखा गया। नाग को देखकर घर की महिला अर्चना कंवर घबरा गईं और कुछ देर के लिए सन्न रह गईं। महिला ने तुरंत पड़ोसियों को सूचना दी, लेकिन कोई भी इस खतरनाक सांप को पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा सका। इसके बाद वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम नोवा नेचर के जितेंद्र सारथी को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरी सावधानी व कुशलता के साथ नाग का सुरक्षित रेस्क्यू किया। विशेष उपकरणों की मदद से सांप को पकड़कर सुरक्षित थैले में रखा गया। रेस्क्यू के बाद घर के सभी सदस्यों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के पश्चात नाग को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

### ठेले व गुमटी संचालकों ने पूर्व मंत्री से लगाई गुहार

**कोरबा।** निगम क्षेत्र में छोटे-छोटे ठेले व गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों ने पूर्व राजस्व मंत्री से मुलाकात कर उनके खिलाफ किए जा रहे कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। व्यवसायियों का कहना है कि वे पिछले 40-45 वर्षों से व्यवसाय कर अपने व अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। बालको प्रबंधन द्वारा व्यापारियों को ठेले-गुमटी को हटाने के लिये नोटिस दिया गया है। उक्त स्थान से ठेले-गुमटी को हटाने से हमारा व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो जायेगा। जिससे उनके सामने भूखों मरने की नौबत बन जायेगी।

### साइकिल योजना के तहत नव प्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण

**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरदीबाजार में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कुल 19 नव प्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। इस दौरान विधायक श्री पटेल सरस्वती साइकिल योजना के बारे में अपने संबोधन में विस्तार से जानकारी दी गई और छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल आने तथा बीच में पढ़ाई नहीं छोड़ते की बात कही गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन, व्यास राठौर, छोटेलाल पटेल, हीरालाल अहीर, पंकज धुर्वा, बजरंग यादव, मन्नू राठौर सहित प्राचार्य रमा उमा निधि, लक्ष्मण जायसवाल, विवेकानंद गोपाल, केशव यादव, ज्योति पटेल, आकांक्षा गुप्ता सहित कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कोरबी धतूरा में विवेकानंद की जयंती

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में राष्ट्रीय युवा उत्सव दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी के तैलिया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य बीरभद्र सिंह पैकरा द्वारा रासेयो के स्वयंसेवकों को संबोधन में उठो जागो और तब तक कार्य करते रहो, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। युवा वर्ग को आगे आने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। युवा दिवस कार्यक्रम के अवसर पर दीपक कुमार लहरे, सुरेंद्र कुमार राठौर द्वारा स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं को संबोधन करते हुए स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संजय सिंह राठौर, संजय कुमार साहू, आरआर श्रीवास, विजय कुमार जांगड़े, श्रीमती रश्मि तिवारी, दीप्ति सोनी, रविकांत मंढरिया, शंकर राठौर पीटीआई, अशोक जायसवाल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजू प्रसाद सहित हो, विद्यालय के व्याख्याता, शिक्षक, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### साईं बाबा की भक्ति भजन में डूबा नगर

**कोरबा।** श्री साईं बाबा सेवा समिति गांधी चौक की स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति ने गांधी चौक प्रांगण में साईं बाबा की पालकी विराजित कर पूजा आरती की गई। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर समिति के द्वारा गांधी चौक परिसर में साईं बाबा व हनुमान जी की पूजा-अर्चना, गणपति वंदना, आरती के पश्चात बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। गांधी चौक प्रांगण व नगर साईं बाबा के भजनों से गूंज उठा। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया वहीं अंचल के प्रसिद्ध गायकों बसंत वैष्णव एवं ग्रुप, मो.अनीस, कृष्णा चौहान, संतोष साहू ने एक से बढ़कर एक बाबा के भजनों की प्रस्तुति देकर भाव विभोर कर दिया। महिला समिति के द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ भी किया गया। इस अवसर पर ब्रजेश अग्रवाल, केशर सिंह राजपूत, खुशाल चौहान, सन्नी सिंह राजपूत, राजेश संतरा, अशोक मख़वानी, नान्हे जायसवाल, अमोद सागर, सत्यम आनंद, निखिल चौहान, अखिल चौहान, संतोष दास, अंकित आदिले, देवेन्द्र दास महंत, व्योम राजपूत, सुनील मांझी, मयंक वैष्णव, नवीन, सोनू बरेठ, रवि चौहान, पंकज सोनी, गोलू चौहान उपस्थित रहे।

# आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध हो आपूर्ति

## कलेक्टर ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक लेकर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत कार्यों को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत जलस्त्रोतों, टंकियों, पाइपलाइन एवं घरेलू नल कनेक्शनों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हांकित जलस्त्रोतों और पाइपलाइनों को शीघ्र चालू किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाएं तैयार हो चुकी हैं, वहां जलापूर्ति को ऑपरेशनलाइज किया जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने करतला, कटघोरा एवं पोड़ी उपरोड़ा विकासखंडों में लंबित कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने टंकियों की फंक्शनल स्थिति सुनिश्चित करने तथा उनसे वास्तविक जलापूर्ति शुरू करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी ठेकेदारों से कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। जिन ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त किए जा चुके हैं, उन्हें नियमानुसार ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। ग्राम पंचायतों में सोलर पंप के माध्यम से किए गए नल कनेक्शनों का सत्यापन कर वास्तविक लाभार्थियों तक जल पहुंच रहा है या नहीं, इसकी जांच के भी निर्देश दिए गए।

### दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में होगी आपूर्ति

कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में एफएसटीसी पूर्ण हो चुकी है और टंकी निर्माण हो गया है, वहां अगले एक माह में कम से कम 50 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करते हुए जलापूर्ति शुरू की जाए। उन्होंने पीवीटीजी (विशेष पिछड़ी जनजाति) बसाहटों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत वाटर सप्लाई टू हाउसहोल्ड कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए, ताकि दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों के परिवारों को भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## बिचौलियों पर रोक लगाने एवं पात्र किसानों का शत प्रतिशत धान खरीदे के दिए निर्देश

# धान खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने कलेक्टर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लेते हुए कोरबा एवं करतला विकासखंड के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों में वास्तविक किसानों से धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समितियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में आने वाले धान को अनिवार्य रूप से पलटी कराकर ढेरी लगाई जाए, नमी की जांच तथा पुराने एवं अमानक स्तर के धान की खरीदी पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।


निरीक्षण के दौरान किसान से जानकारी लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने भैंसमा, तिलकेजा एवं चिकनीपाली उपार्जन केंद्रों में चल रही खरीदी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारियों से अब तक हुई खरीदी, पंजीकृत किसानों की संख्या, धान बेचने वाले किसानो की संख्या, जारी टोकन, धान उठाव एवं बारदाना उपलब्धता की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही धान का नमी परीक्षण एवं वजन कराकर मौके पर भौतिक सत्यापन भी किया। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने समिति में आए किसानों से संवाद कर टोकन प्राप्ति की प्रक्रिया, केंद्रों में उपलब्ध सुविधाएं, खेती की स्थिति, उगाए गए धान की किस्म एवं पैदावार की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान भैंसमा समिति में एक किसान के पास पुराना एवं अमानक स्तर का धान पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा अमानक धान को जब्त करने के निर्देश दिए गए। तिलकेजा उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान खरीदी प्रक्रिया में गंभीर अव्यवस्थाएं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

### भौतिक सत्यापन के दौरान अवैध धान किया गया जब्त

तिलकेजा समिति में धान बेचने आए किसान युवराज सिंह के धान का प्रशासनिक टीम द्वारा निरीक्षण व भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान किसान के पास से बिचौलिये से प्राप्त अवैध धान भी विक्रय हेतु पाया गया। उक्त धान को नियमों के अनुरूप टीम द्वारा मौके पर ही जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने सभी समितियों में वास्तविक किसानों से धान क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बिचौलियों के धान बेचने में किसी प्रकार का सहयोग न करें। जिससे वास्तविक किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# पूर्व राजस्व मंत्री ने श्रीराम कथा का किया श्रवण


कथा में उपस्थित पूर्व राजस्व मंत्री व श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इन दिनों शहर सहित उप नगरीय क्षेत्र दर्री जमनीपाली, बालको एवं कुसमुण्डा क्षेत्र में जगह-जगह अखण्ड नवधा रामायण एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। शहर के टीपी नगर क्षेत्र के वार्ड क्र. 4 मानस चौक राताखार में भी अखंड नवधा रामायण का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें प्रभु श्रीराम के भक्त कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोद प्रसाद एवं वार्ड पार्षद रवि चंदेल भी श्रीराम कथा श्रवण करने कथा स्थल पहुंचे। इस अवसर पर श्री अग्रवाल एवं श्री प्रसाद ने प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की मंगल कामना करते हुए कहा कि इस वार्ड में पिछले 25 वर्षों से प्रतिवर्ष अखण्ड नवधा रामायण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां माहौल भक्तिमय रहता है वहीं क्षेत्र में भातृत्व भाव की भावना भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि हमारी कामना है कि प्रभु

## शोभायात्रा...


कोरबा। मंकर संक्रांति के अवसर भगवान अय्यपा स्वामी की शोभायात्रा सीतामणी से निकाली गई। जो शहर के मुख्यमार्ग का भ्रमण करते हुए एसईसीएल अय्यपा मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# उड़ान द काइट फ्लाइंग फेस्टिवल एवं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मकर संक्रांति पर दान खिचड़ी, तिल, कंबल करना और पतंग उड़ाना खुशहाली और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जेसीआई एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संयुक्त तत्वाधान में उड़ान द काइट फ्लाइंग फेस्टिवल एवं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन घंटाघर स्थित मैदान में किया गया। इस उत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और बच्चों ने हिस्सा लेकर पर्व का आनंद उठाया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हितानंद अग्रवाल ने किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी सदस्यों के साथ मिलकर गुब्बारों के साथ बंधी पतंग को आसमान में छोड़ा। इस दृश्य ने पूरे मैदान को उत्साह से भर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए जेसीआई और एयू बैंक के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा बच्चों को पतंग एवं मांझा वितरित किया गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मकर संक्रांति पर्व की परंपरा को निभाते हुए कार्यक्रम स्थल पर खिचड़ी का वितरण भी किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जेसीआई के पदाधिकारियों ने बताया कि उड़ान महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा बढ़ाना और हमारी संस्कृति के पारंपरिक खेलों को जीवित रखना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बजाज, सचिव निश्चल टमकोरिया, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, मोहित खटोर, राज अग्रवाल, आशीष टमकोरिया, उत्कर्ष अग्रवाल, जेसीआरटी अध्यक्षा अंशु अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. /202511063100164/अ-6/24-25
ग्राम पामगढ़ प.ह.नं.-11
तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सबीना बंजारे पिता रामदास जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम अर्जुनी तहसील अकलतरा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पिता रामदास पिता अंजोरी ने ग्राम पामगढ़ की जमीन खसरा नंबर 682/30 रकबा 0.012 हे. भूमि जिस पर पक्का मकान उपर में शीट कवर छाया हुआ है को दिनांक 18.04.2022 को उसके पुत्री आवेदिका के पक्ष में रजिस्टर्ड वसीयत किया है। आवेदिका के पिता रामदास की मृत्यु दिनांक 13.09.2024 पामगढ़ में हो गयी है। आवेदिका का नाम खसरा नंबर 682/30 रकबा 0.012 हे. भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 23.01.26 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.01.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**पामगढ**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**








# बोमन ने शुरू की खोसला का घोंसला 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साल 2006 में रिलीज हुई अनुपम खेर की फिल्म 'खोसला का घोंसला' का सीक्वल की तैयारी शुरू हो चुकी है। हाल ही में इस फिल्म के दूसरे पार्ट की शूटिंग पर फिल्म की स्टार कास्ट नजर आई। बोमन ईरानी ने भी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। साथ ही फिल्म से जुड़ा एक अपडेट भी शेयर किया है। आगे अपनी पोस्ट में बोमन ईरानी लिखते हैं, 'खोसला का घोंसला 2 के सेट पर कमल खोसला और बंटी के साथ किशन खुराना के रूप में वापसी।' मंगलवार को बोमन ईरानी से पहले अनुपम खेर ने फिल्म 'खोसला का घोंसला 2' की शूटिंग से जुड़ी बीटीएस फोटो शेयर की थीं।

## लाइफ Style



# राशा
## लईकी-लईका का पोस्टर किया शेयर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राशा थडानी और अभय वर्मा की अपकमिंग फिल्म 'लईकी लईका' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। भले ही इस पोस्टर में किसी का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर इसने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और 'मुंज्या'फेम एक्टर अभय वर्मा की अगली फिल्म 'लईकी लईका' है। मंगलवार को इस फिल्म के मेकर्स ने पहला पोस्टर साझा किया। इस पोस्टर में फिल्म से जुड़े किसी कलाकार का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर फिर भी इसने सबका ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म के पोस्टर में मेकर्स ने दोनों एक्टर्स का लुक छिपाते हुए एक बड़ी हिंट दी है। पोस्टर को रेट्रो लुक दिया गया है, ठीक वैसे ही जैसे 90 के दशक में दीवारों पर आर्ट वर्क किए जाते थे। इसमें स्नीकर शूज पहने एक लड़का और एक लड़की कपल की तरह खड़े हुए हैं। दोनों के जूतों पर खून बिखरा हुआ है। इस पोस्टर से तो ऐसी हिंट मिलती है कि फिल्म सिर्फ एक लव स्टोरी ही नहीं है। इसमें दोनों के रिश्तों के बीच कोई खतरनाक मोड़ भी यकीनन आएगा। अब इस फिल्म का पोस्टर सामने आने के बाद फैंस और दर्शकों को इसके टीजर का भी बखूबी इंतजार है। बहरहाल, पोस्टर देखने के बाद सभी यह अंदाजा लगा रहे हैं कि फिल्म में रोमांस के साथ जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। सौरभ गुप्ता निर्देशित 'लईकी लईका' में राशा और अभय लीड रोल में नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्स डूम्स डे में सुपरहीरोज की वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्स: डूम्स डे' के पहले टीजर में 'कैप्टन अमेरिका' की वापसी की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई। अब जो टीजर रिलीज हो रहे हैं, उसमें मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज की एंट्री भी 'एवेंजर्स: डूम्स डे' में हो रही है। हालिया रिलीज एक टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई। टीजर में फैंटास्टिक फोर का एक सुपरहीरो, वकांडा के इलाके में पहुंचता है। वहां वकांडा के वासियों से मुलाकात करता है। इसके बाद यह लोग एक टीम की तरह साथ आते हैं।



# वर्ल्ड टूर पर निकलेगा बीटीएस के-पॉप ग्रुप...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस इस साल अप्रैल में अपने एल्बम के रिलीज होने के बाद एक बड़े वर्ल्ड टूर पर निकलेगा। इस ग्रुप में आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी एंड जुंगकोक हैं। अपने दौरे के दौरान ये ग्रुप टोक्यो, बुसान, लास वेगास, लंदन, टोरोंटो, शिकागो, बैंकॉक और कुआलालंपुर में परफॉर्म करेगा। ग्रुप के टूर मार्च 2027 तक होंगे। उम्मीद की जा रही थी ग्रुप का टूर भारत में होगा। हालांकि उनके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है। उम्मीद है कि यह ग्रुप भविष्य में जिन शहरों में परफॉर्म करेगा, उनकी घोषणा करेगा। हो सकता है कि भारत का नाम भी इसमें हो। पिछले तीन वर्षों में, ग्रुप के सदस्य एक ब्रेक पर थे, क्योंकि उन्होंने साउथ कोरिया में अपनी जरूरी मिलिट्री सर्विस पूरी करनी थी।



# मर्दानी 3 में नई विलेन अम्मा आएंगी नजर

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' में मल्लिका प्रसाद विलेन के किरदार में नजर आएंगी। इस किरदार पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। मल्लिका प्रसाद ने इस किरदार पर बात की है। यश राज फिल्म्स ने अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज किया है। इसमें रानी मुखर्जी एसीपी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापसी कर रही हैं। ट्रेलर में एक नई विलेन, अम्मा को दिखाया गया है। इस रोल को मल्लिका प्रसाद ने निभाया है। वह मानव तस्करी नेटवर्क का मुख्य चेहरा हैं। अपने किरदार पर मल्लिका प्रसाद ने कई बातें बताई हैं। पिछली फिल्मों से अलग विलेन के तौर पर अम्मा को अलग तरह से पेश किया गया है। वह काफी हिंसात्मक भी हैं। ट्रेलर देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने मल्लिका प्रसाद की परफॉर्मेंस पर रिएक्शन दिया है।



# आइटम सॉन्ग करके लगता है अच्छा

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा अपने आइटम सॉन्ग के लिए जानी जाती हैं। अब उन्होंने अपनी इमेज को लेकर कहा है कि उन्हें 52 की उम्र में डांस करके अच्छा महसूस होता है, इसके लिए उन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि इसमें इतनी क्या बड़ी बात है। मलाइका अरोड़ा को बॉलीवुड में उनके आइटम नंबर्स के लिए जाना जाता है। चाहे वो शाहरुख खान के साथ 'चल छैयां छैयां' हो या फिर सलमान खान संग 'मुन्नी बदनाम हुई'। उनके डांस को फैंस बेहद पसंद करते हैं। पर कई बार इसके लिए उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की है और कहा कि आइटम सॉन्ग करके उन्हें मजबूती का एहसास होता है। वो इसके लिए माफी क्यों मांगे। मलाइका अरोड़ा को 2025 में यो यो हनी सिंह के 'चिलगम' म्यूजिक वीडियो में देखा गया था।

## टीवी मसाला



# महादेव एंड सन्स: रिश्तों की सबसे कठिन परीक्षा

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

कलर्स के नए शो महादेव एंड सन्स में शक्ति आनंद महादेव के किरदार में नजर आएंगे। कहानी के अनुसार, 25 साल पहले महादेव को विद्या से प्यार हो जाता है। विद्या का किरदार निभा रही हैं स्नेहा वाघ। दोनों शादी कर लेते हैं, लेकिन परिवार इस रिश्ते को स्वीकार नहीं करता। क्योंकि, महादेव उनके ही घर में काम करते हैं। 25 साल बाद बच्चे भी बड़े हो गए हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। समय के साथ यह रिश्ता किस मोड़ पर पहुंचेगा और परिवार का रवैया बदलेगा या नहीं - यही इस शो की मुख्य कहानी है।

**एक अच्छा इंसान होना सबसे ज़रूरी : शक्ति आनंद**

महादेव के किरदार में नजर आ रहे शक्ति आनंद ने कहा कि इंडस्ट्री में लंबे समय तक काम करने के लिए एक अच्छा इंसान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, 'अगर एक्टर 19-20 भी हो तो चल जाता है, लेकिन आपके साथ लोग बार-बार काम करना चाहें, यह बहुत मायने रखता है।' शक्ति आनंद के मुताबिक मेहनत, डिसिप्लिन, पॉजिटिविटी और खुश रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई काम करें, शिद्दत से करें।' अपने किरदार को लेकर उन्होंने बताया कि यह रोल उनके लिए अलग है। 'मैंने पहली बार इस तरह की दाढ़ी बढ़ाई है, बोलने की भाषा भी थोड़ी अलग है। एक्टर के तौर पर अलग-अलग रोल आपकी जर्नी को नई दिशा देते हैं। एक कलाकार के लिए ज़रूरी है कि वह अपनी ज़िंदगी और काम में कुछ अलग करे।'

**विद्या के लिए महादेव ही सब कुछ है : स्नेहा वाघ**

जब स्नेहा वाघ से पूछा गया कि प्यार और परिवार में विद्या किसे चुनेगी, तो उन्होंने कहा,' चुनना तो सब कुछ विद्या को ही है, लेकिन उसके लिए महादेव ही परम है।'उन्होंने बताया कि विद्या बहुत सीधी-सादी लड़की थी। उसे लगा था कि वह महादेव से शादी करेगी और परिवार मान जाएगा, लेकिन उसके साथ उल्टा हो गया।अब जब शादी हो चुकी है, तो महादेव ही उसकी दुनिया है।' जब यही सवाल उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर किया गया, तो स्नेहा ने कहा,' मैं ऐसी परिस्थिति में आती ही नहीं।

### वीरा का रतन किरदार सबसे मुश्किल

अपने अब तक के किरदारों पर बात करते हुए स्नेहा वाघ ने कहा कि उनके दिल के सबसे करीब 'ज्योति' का किरदार है। लेकिन टीवी सीरियल 'वीरा' में 'रतन' का किरदार निभाना उनके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा।उन्होंने कहा, 'मैं बहुत एक्सप्रेसिव इंसान हूं, अपना कोई भी इमोशन छुपा नहीं पाती। लेकिन 'वीरा' में बच्ची के लिए प्यार छुपाना पड़ता था। इसलिए शो के शुरुआती तीन महीने मैंने किसी से बात नहीं की। बस यही सोचती रही कि इस किरदार को कैसे निभाऊं। आज भी उस किरदार की रील्स सोशल मीडिया पर आती हैं और दर्शकों का प्यार मिलता है।

# राहु केतु पर भी चली सेंसर बोर्ड की कैंची, कांतारा वाला सीन हटा

**मुंबई।** पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की जोड़ी एक बार फिर से दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए रही है। 'फुकरे' के बाद अब ये दोनों फिल्म 'राहु केतु' में दिखाई देंगे, जो कि कॉमेडी-ड्रामा जॉनर की है। इसका ट्रेलर बीते दिनों रिलीज हुआ था और फिर इसे सेंसर बोर्ड के पास भेजा गया था। जहां पर इसको यू/ए 16+ सर्टिफिकेट मिला है। और साथ ही मेकर्स से सीबीएफसी ने कुछ बदलाव करने के निर्देश दिए हैं।



फिल्म में चंकी पांडे, पीयूष मिश्रा, अमित सियाल और मनु ऋषि चड्ढा के अलावा शालिनी पांडे भी हैं। ये 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होगी और आमिर खान की मूवी 'हैप्प पटेल' से टकराएगी। फिल्म 'राहु केतु' के निर्माताओं को एक डायलॉग बदलने के लिए कहा गया है। साथ ही ड्रग्स को सूंघने और उसे लेने वाले सीन को किसी दूसरे शॉट्स से बदलने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, जहां-जहां पर मिडिल फिंगर दिखाई गई है, उसे छोटी उंगली से रिप्लेस करने और सभी एल्कोहल ब्रांड्स के नाम भी हटाने का आदेश दिया गया है। बोर्ड ने मेकर्स को फिल्म में इस्तेमाल किए गए संस्कृत के श्लोक के लिए ऑथेंटिकेशन लेटर भी जमा करने के लिए कहा। एग्जामिन कमेटी ने 'कांतारा' फिल्म के चीखने वाले म्यूजिक को रिप्लेस करने का निर्देश दिया। इस मूवी को विपुल विग डायरेक्ट कर रहे हैं और प्रोड्यूसर उमेश कुमार बंसल, प्रगति देशमुख, सूरज सिंह और वर्षा कुकरेजा हैं। इसे जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया गया है। 'राहु केतु' की सलमान खानस अमिताभ बच्चन और संजय दत्त ने तारीफ की है।

# मायासभा में डरावने किरदार में नजर आएंगे जावेद जाफरी...

*तुम्बाड फिल्म के निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी फिल्म 'मायासभा' का टीजर बुधवार को रिलीज हुआ है। फिल्म का टीजर काफी भयानक है। तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे अपनी दूसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'मायासभा'। मायासभा का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टीजर में जावेद जाफरी का अनोखा अवतार देखने को मिला, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।*




**मुंबई।** निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी हॉरर फिल्म 'मायासभा' का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर की शुरुआत एक छोटे बच्चे से होती है, जो हेलमेट पहने सड़कों पर भटक रहा होता है। इस सीन में पीछे जावेद जाफरी की आवाज में कबीर का एक दोहा सुनाई देता है। गौर से देखें तो यह फिल्म एक तरह से सर्वाइवल हॉरर की कहानी ज्यादा लग रही है। फिल्म 'मायासभा' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आपको रहस्य, जादू और रोमांच देखने को मिलेगा। इस फिल्म का निर्देशन 'तुम्बाड' के लेखक और निर्देशक राही अनिल बर्वे ने किया है। यह राही अनिल बर्वे की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म में जावेद जाफरी एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगे। इस फिल्म में जावेद जाफरी के अलावा वीना जामकर, दीपक दामले और मोहम्मद समद भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण गिरीश पटेल और अंकूर जे सिंह कर रहे हैं। शामराव भगवान यादव, चंदा यादव, केवल हांडा और मनीष हांडा इसके सह-निर्माता हैं।

## प्यार-मोहब्बत के अलावा कई दूसरे विषयों पर बेहतरीन गाने लिखे हैं

# 11 की उम्र में लिखी पहली गजल, गाने लिखने के अलावा किया अभिनय

**नई दिल्ली।** मशहूर शायर और हिंदी फिल्मों के दिग्गज लिरिसिस्ट कैफी आजमी ने फिल्मों में गाने लिखने के अलावा डायलॉग लिखे हैं और अभिनय किया है। उनकी लव लाइफ काफी दिलचस्प रही है। भले ही कैफी आजमी 2002 में इस दुनिया को अलविदा कह गए हों, लेकिन उनके गाने आज भी हमारे दिलों में जिंदा हैं। उन्होंने प्यार-मोहब्बत के अलावा कई दूसरे विषयों पर बेहतरीन गाने लिखे हैं।



### आंदोलन की वजह से छोड़ी पढ़ाई

कैफी आजमी की पैदाइश 14 जनवरी 1919 को उत्तर प्रदेश के जिला आजमगढ़ में हुई। साल 1942 में कैफी आजमी ने भारत छोड़ो आंदोलन के चलते अपनी पर्शियन और उर्दू की पढ़ाई छोड़ दी। उस वक्त तक वह एक मशहूर शायर के रूप में जाने जाने लगे थे। वह प्रोग्रेसिव राइटर थे। उन्होंने शौकत आजमी से शादी की थी। उनकी एक बेटी बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शबाना आजमी हैं।

### पिता ने टेस्ट लिया, हो गए पास

कैफी आजमी को बचपन से लिखने का शौक था। जब वह महज 11 साल के थे, तो उन्होंने एक मुशायरे में शिरकत की। यहां उन्होंने 'इतना तो जिंदगी में किसी के खलल पड़' गजल पढ़ी। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। कैफी आजमी के पिता को लगा कि उन्होंने अपने बड़े भाई की गजल पढ़ी है। इसके बाद पिता ने उनका टेस्ट लिया कि क्या यह गजल कैफी ने खुद लिखी है? कैफी आजमी इसमें पास हो गए।

### गरीबी में भी शौकत ने नहीं छोड़ा साथ

कैफी आजमी की जब शौकत से शादी हुई तो उनके पास बेड भी नहीं था। दोनों ने पहली रात दरी पर गुजारी। एक बार शौकत की चप्पल टूट गई। उन्होंने इसे कैफी को बनवाने के लिए दी। कैफी को जब देर हो गई तो शौकत दूसरी टूटी चप्पल पहनकर किसी काम से लोकल ट्रेन में गईं। जब ट्रेन चलने वाली थी तो कैफी आजमी कुर्ते में चप्पल छिपाकर स्टेशन पहुंचे और चलती ट्रेन में शौकत को दी। शौकत पहले तो काफी गुस्से में थीं लेकिन शौकत के परेशान और शर्मिंदा चेहरे को देखकर गुस्सा भूल गईं।

### कैफी आजमी को कौन से अवॉर्ड मिले?

- कैफी आजमी को पद्मश्री से नवाजा जा चुका है।
- उन्हें उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से अवॉर्ड मिल चुका है।
- 'आवारा सजदे' के लिए साहित्य अकादमी अवॉर्ड फॉर उर्दू मिला है।
- महाराष्ट्र उर्दू अकादमी का स्पेशल अवॉर्ड, सोवियत लैंड नेहरू अवॉर्ड मिला है।
- एफ्रो-एशियन राइटर असोसिएशन की तरफ से लोटस अवॉर्ड मिला है।

### बतौर एक्टर किया काम

कैफी आजमी ने फिल्मों में लिरिसिस्ट के अलावा एक लेखक और एक्टर के तौर पर काम किया है। उन्होंने सबसे पहले फिल्म 'बुजदिल' के लिए लिरिक्स लिखे। उन्होंने एक लेखक के तौर पर सबसे अच्छा काम 'हीर रांझा' में किया। उन्होंने इस फिल्म के डायलॉग लिखे थे, जो शायरी के रूप में थे। साल 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'नसीम' में उन्होंने अदाकारी भी की। इसमें उन्होंने नसीम के दादा का रोल किया था।

### गजल सुनकर दिल दे बैठी थीं शौकत

एक बार शौकत आजमी मुशायरा सुनने गईं। यहां कैफी आजमी ने गजल 'उठ मेरी जान मेरे साथ ही चलना है तुझे' पढ़ी। यह गजल शौकत को इतनी अच्छी लगी कि वह उन्हें दिल दे बैठीं। कैफी आजमी से शादी के लिए जब शौकत के पिता और भाई उन्हें देखने मुंबई आए तो उन्होंने उनकी फक्कड़ हालत देखकर शादी से इनकार कर दिया। हालांकि शौकत आजमी नहीं मानीं और उन्ही से शादी की।

## खबर संक्षेप

### ओबीसी महासभा ने पिछड़ा वर्ग के हित में 28 बिंदुओ पर सौंपा ज्ञापन



**जैजैपुर।** ओबीसी महासभा जिला इकाई शक्ति की टीम के द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन एवं संरक्षण हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं में समानुपातीक हिस्सेदारी प्रदान करने के संबंध में , प्रधानमंत्री, गृह मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री , महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ के नाम से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ राज्य में लागू हो ऐसे ही 28 बिंदुओ पर तहसीलदार जैजैपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में सक्ती विधानसभा अध्यक्ष इंदल सिंह श्रीवास, जैजैपुर ब्लाक अध्यक्ष सुरेश कुमार श्रीवास, श्री वैष्णव उपस्थित थे।

### 24 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया गया वितरण



**सक्ती।** जिले में टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। सीएमएचओ के मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों से टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को विकासखंड मालखरौदा में 24 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपचार के दौरान मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा उन्हें आवश्यक पोषण सहयोग प्रदान करना है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता सुदृढ़ हो सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नियमित पोषण सहायता से टीबी उपचार की सफलता दर में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस पहल से मरीजों को न केवल पोषण लाभ मिल रहा है, बल्कि जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को भी मजबूती मिल रही है।

## निधन

### हज्जन आसिया बानो



**सक्ती।** शहर के वार्ड क्रमांक 9 पिला महल के सामने रहने वाली हज्जन आसिया बानो का 97 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उन्हें 14 जनवरी को मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग, गणमान्य नागरिक और वार्डवासी शामिल हुए। वे अपने पीछे पुत्रों, पौत्रों और प्रपौत्रों सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। वे क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक गुलाम भाई मनिहार एवं कल्लू भाई की माता थीं।

### मुलाम चंद जैन



**अकलतरा।** नगर के अंबेडकर चौक के पास निवासरत प्रतिष्ठित नागरिक मुलाम चंद जैन का 78 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह 10 बजे नगर के कॉलेज रोड में स्थित मुक्तिधाम में होगा। वे अंकित जैन एवं अंशुल जैन के पिता थे।

### दसराम बंजारे

**अकलतरा।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी दस राम बंजारे का निधन हो गया। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने उनके निवास स्थान पर आयोजित शोक सभा में भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के नेता जावेद उस्मानी जिलाध्यक्ष, राम सिंह क्षत्री उपाध्यक्ष, फेकन सिंह ,बलराम कर्ष ,बलराम बंजारे एवं पार्टी के सदस्य उपस्थित रहे।

### सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने दिए निर्देश

# माघी मेला को लेकर कलेक्टर-एसपी ने किया मेला ग्राउंड, महोत्सव स्थल व नदी तट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

आगामी 1 फरवरी से प्रारंभ होने वाले माघी पुन्नी मेला के सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर नगर पंचायत शिवरीनारायण सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से जनप्रतिनिधियों, मेला महोत्सव समिति तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर एवं एसपी ने मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी, ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने, तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने घाट किनारे स्नान एवं सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, अनाउंसमेंट सिस्टम, रूटचार्ट, मेला ग्राउंड की साफ-सफाई, शौचालय और पार्किंग व्यवस्था को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मेला ग्राउंड, मेला महोत्सव स्थल, चौपाटी, बाईपास रोड, नदी तट और पार्किंग स्थल का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने मेला के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने एसडीआरएफ एवं बचाव दल को सतत सजग एवं तैनात रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही नौकाचालन के दौरान सुरक्षा जैकेट व विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त व्यवस्था संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्काल आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं। इसके अलावा मेला स्थल, मंदिर परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा चौपाटी एवं मेला ग्राउंड में व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने मेले में पुलिसबल व विशेष वैलेंटियर्स की विशेष तैनाती करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग व्यवस्था, बेरिकेडिंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीएम सुब्रत प्रधान, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, मेला महोत्सव समिति के सदस्य एवं व्यापारीगण सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

# सही समय पर सही जानकारी और मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

■ दिल्ली पब्लिक स्कूल कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा में कैरियर ब्लूम स्कूल कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ सैकड़ों अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षा के उपरांत छात्रों के मन में कैरियर को लेकर उत्पन्न होने वाली शंकाओं का समाधान करना तथा उन्हें वर्ष 2026 के उभरते हुए कैरियर विकल्पों से अवगत कराना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञ काउंसलरों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। मैंट्स यूनिवर्सिटी से घनश्याम साकार एवं सृष्टि मिंज, अंजनेया यूनिवर्सिटी से अंकित शुक्ला एवं कार्तिक पंडा, के. के. मोदी यूनिवर्सिटी से धनसाय कुर्रे , जूम अब्रॉड से कार्तिक राव तथा आई.टी.एम. से मो. फैजल खान ने छात्रों को कैरियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कैरियर ब्लूम की ओर से कोऑर्डिनेटर शोभित श्रीवास्तव ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन रहे। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि आज का विद्यार्थी केवल अंकों से नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और कौशल के बल पर ही भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकता है। मुख्य वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 12वीं के बाद का समय जीवन का सबसे निर्णायक मोड़ होता है। सही समय पर सही जानकारी और मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। विशेषज्ञों ने बताया कि पारंपरिक विकल्पों जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल के साथ-साथ अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, क्रिएटिव डिजाइन और गेम डेवलपमेंट जैसे क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं। मैनेजमेंट और कॉमर्स के क्षेत्र में डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स और फिनटेक में उपलब्ध अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही छात्रों को यह समझाया गया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं, बल्कि स्किल आधारित कोर्स और व्यावहारिक दक्षता भी उतनी ही आवश्यक है। सत्र के दूसरे भाग में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां छात्रों ने सीयूईटी, जेईई, एनआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, बैकअप कैरियर विकल्प और तनाव प्रबंधन से जुड़े सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने साइकोमेट्रिक टेस्ट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे छात्र अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुसार सही विषय का चयन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि बिना आत्मविश्लेषण के किसी भी क्षेत्र में प्रवेश करने के बजाय पहले अपनी प्रतिभा को पहचानना चाहिए।



छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करते विशेषज्ञ काउंसलर।

# विकसित भारत जी राम जी योजना से 5 साल में बदलेगी गांवों की रूपरेखा : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



विकसित भारत जी राम जी योजना एक क्रांतिकारी योजना है जिससे आने वाले 5 साल मे गांवों की रूपरेखा बदल जाएगी। उक्त बातें भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा इंजीनियर रवि पाण्डेय ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा।


उन्होंने बताया पूर्व मे मनरेगा मे 100 दिवस कार्य एवं 15 दिवस मे मजदूरी भुगतान की गारंटी थी परंतु भुगतान साल-सालभर नही हो पाने की वजह से दलाल सक्रिय हो जाते थे। बहुतायत जगहों पर मशीनों के माध्यम से कार्य की खाना पूर्ति कर ली जाती थी। परंतु विकसित भारत जी राम जी योजना मे 125 दिवस का रोजगार की गारंटी के साथ मात्र 7 दिवस के भीतर अनिवार्य मजदूरी भुगतान का प्रावधान है। इसमें वर्षा ऋतु मे दो माह कार्य बंद रखने के प्रावधान के कारण खेती किसानी के समय कृषकों को मजदूरों की कमी से नही जुझना पड़ेगा। इसमे अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षित कर अजीविका से जोड़ते हुए कौशल विकास मे वृद्धि का प्रावधान किया गया है। मुख्य बात इसमे भी है कि केन्द्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 60.40 प्रतिशत की होने की वजह से राज्य की भी जवाबदेही तय होगी और उससे कार्य का क्रियान्वयन के साथ निगरानी भी ठीक से होगी। उन्होने कांग्रेस पार्टी के मनरेगा को समाप्त करने का आरोप को दर किनार करते हुए कहा कि भ्रम फैलाना कांग्रेस का काम हैए उन्हे नाम बदलने से परेशानी है जबकि भाजपा की सरकार महात्मा गांधी जी के राम राज्य की कल्पना को साकार करने के लिए कदम उठा रही है। उन्होने बताया कि जी राम जी योजना हर परिवार को रोजगार और आजीविका से जोड़कर ग्राम का सर्वांगिण विकास करना है।

# आश्वासन के दो माह बाद भी शुरु नहीं हो सका सड़क मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ ग्रामीणों में आक्रोश, दी कलेक्टर कार्यालय घेराव की चेतावनी

अकलतरा क्षेत्र के ग्राम लटिया, पकरिया एवं कल्याणपुर को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह सड़क अकलतरा को फोरलेन से जोड़ती है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित है, जिस पर अधिकतम 12 टन तक के हल्के वाहनों के आवागमन का प्रावधान है। इसके बावजूद लंबे समय तक भारी वाहनों के निर्बाध आवागमन से सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क की खराब हालत के कारण ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, वहीं विद्यार्थियों, मरीजों और किसानों को सबसे अधिक कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। मांगें पूरी न होने से नाराज ग्रामीणों ने पूर्व में चक्काजाम की चेतावनी दी थी। चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने हस्तक्षेप करते हुए 20 दिनों के भीतर सड़क मरम्मत का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका है। अब ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय के घेराव का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे कलेक्टर कार्यालय परिसर में ही धरने पर बैठे रहेंगे। इस संबंध में क्षेत्र के जनपद सदस्य ईश्वर साहू ने बताया कि मार्च 2025 से लगातार सड़क मरम्मत एवं भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। काफी प्रयासों के बाद भारी वाहनों का आवागमन तो बंद हुआ, लेकिन सड़क मरम्मत के नाम पर अधिकारी केवल समय देते रहे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी जायज मांगों के पूरा होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। प्रशासन के उदासीन रवैये से ग्रामीणों में भारी रोष है। जनप्रतिनिधियों ने चेताया है कि यदि आंदोलन के दौरान कोई भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

### दृष्टि बाधित विद्यालय में बच्चों से मिले एसपी प्रफुल्ल ठाकुर

**सक्ती।** दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय शक्ति में गुरुवार 15 जनवरी को एसपी प्रफुल्ल सिंह ठाकुर एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री ठाकुर के द्वारा नेत्रहीन बच्चों से मिलकर जहां अपनी प्रसन्नता व्यक्त की वहीं उनकी धर्मपत्नी ने बच्चों को मिठाइयां फल चॉकलेट एवं बच्चों को गिफ्ट आइटम प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल एवं वेदआर्य के द्वारा विद्यालय की पूरी व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। एसपी श्री ठाकुर ने कहा कि उनसे किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता पड़े तो बिना किसी परेशानी के बताएं वे हमेशा सभी के साथ खड़े रहेंगे। प्राचार्य कुमारी ज्योति महंत ने अतिथियों का स्वागत किया एवं बच्चों के द्वारा स्वागत गीत एवं भजन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय थाना प्रभारी श्री पटेल उपस्थित रहे।



# कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

समीपस्थ ग्राम जाटा स्थित समलाई चौंक में महिला समिति के तत्वाधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारम्भ गांव में भव्य कलश यात्रा निकालकर किया गया।

कलश यात्रा पश्चात दूसरे दिन कथा वाचक विजय पाण्डेय द्वारा वेदी पूजन, कथा प्रारम्भ, परीक्षित जन्म और शुक आगमन कथा का वर्णन किया। कथा वाचक द्वारा शुक्रवार 16 जनवरी को सृष्टि वर्णन, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, शनिवार 17 जनवरी भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, रविवार 18 जनवरी को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन चरित्र, श्रीराम कृष्ण अवतार, सोमवार 19 जनवरी को श्री बाल कृष्ण चरित्र वर्णन, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, मंगलवार 20 जनवरी को महारास प्रसंग, कंस वध, श्री रुखमणि विवाह और बुधवार 21 जनवरी को भगवान के अनन्य विवाह वर्णन, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम व चढ़ोत्री एवं गुरुवार 22 जनवरी को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, यज्ञ पूर्णाहुती, सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज का कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भव्य कलश यात्रा में गाँव के सरपंच श्रीमती चन्द्रकला सरवन समेत उनके सहयोग पंचायत प्रतिनिधि और आयोजन समिति के पदाधिकारियों के अलावा ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल थे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं युवतियां।

# कबीर समुदाय ने 23 जनवरी को मांस मंदिरा बिक्री पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

कबीर साहेब के सोलहवें वंशाचार्य पंथ हुजूर उदितमुनि नाम के चादर तिलक समारोह आगामी बसंत पंचमी 23 जनवरी को कबीर धर्म नगरी दामाखेड़ा में होगा। इस दिन को प्रदेश में मांस मंदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर गवेल समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष लालू गबेल के साथ कबीर पंथ के अनुयाई द्वारा मुख्यमंत्री और सक्ती जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

उक्त ज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन से मांग किया गया है कि जिला सक्ती सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में इस दिवस मांस मंदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाए। ज्ञातव्य हो कि सत्य गुरु कबीर साहेब के ब्यालिस वंशाचार्य अवतरित होंगे जिसमें सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ उदित मुनि नाम साहेब का तिलक चादर (वंश गद्दी राज तिलक) होगा जिसमें देश विदेश से लाखों की संख्या में साधु, संतो, महात्माओं, कबीर पंथियों का समागम होगा, यह अवसर कबीरपंथी समुदाय के लिए स्वर्णिम और सौभाग्यपूर्ण दिवस होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में केडीवी मिशन के जिला प्रतिनिधी श्रीमती जयमिला गवेल, आमीन माता महिला मंडल से श्रीमती अन्नपुर्णा गवेल, किरण गवेल, सन बाई गवेल, दिनेश गवेल, निनी गवेल, कुमारी गवेल, पुष्पा शेखर गबेल, दिव्य नितिन, आशा अनिल, सुशीला गवेल, लोकेश्वरी गवेल, फुलेश्वरी, सरिता गवेल, प्रमिला गवेल, भोज गवेल, रोशनी गवेल, संगीता राकेश, जयंती गवेल, फुलेश्वरी सक्ती, सरोज गवेल, तेज कुंवर गवेल, पार्वती, मीना, भगवती कर्ष, अमरूद गवेल, पोता सरपंच प्रतिनिधि महेश सारथी, चंद्रदेव गवेल, लाल बहादुर गवेल सहित कबीर पंथ के लोग शामिल रहे।



# छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने लगातार किया जा रहा सार्थक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद

■ वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

खरौद के तिवारीपारा स्थित मिडिल में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 'प्रतिभा सम्मान समारोह' चतुर्थ वर्ष का आयोजन किया गया।

इस दौरान अतिथि के रूप में पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, खरौद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीसी भारद्वाज, जिला पंचायत की अध्यक्ष सत्यलता मिरी, नगर पंचायत खरौद के अध्यक्ष गोविंद यादव, जिला अग्निशमन अधिकारी योग्यता साहू, माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, नपं उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य आरके गोस्वामी और पार्षदगण समेत अन्य अतिथि मौजूद थे। यहां 12 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया और सम्मान पाकर वे बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू स्मृति आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने प्रतिभा सम्मान समारोह के उद्देश्य की जानकारी दी। यहां ट्रैफिक टीआई लालन पटेल ने भी छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कोमल साहू और मिडिल स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती सरोज यादव ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक रामलाल यादव, सुबोध शुक्ला, पार्षद हरेकृष्ण साहू, नेहरू राही, गोविंद धृतलहरे, हुलास राम साहू, नीलम यादव, रामसहाय यादव, सत्यम सिदार, स्कूल के अध्यक्ष उग्रसेन साहू, पूर्व पार्षद धनंजय रात्रे, प्रेमेंन्द्र कुमार यादव, पुष्कर साहू, रेवतीरमण साहू, दिनेश भारद्वाज, युवा जागरण समिति के जागेश्वर साहू, संकट मोचन ब्लड सेंटर के संचालक गोविंद साहू, इंदलदेव सेवा समिति के कृष्णकुमार आदित्य, हेमंत साहू, गोपाल यादव, लव सोनी, फिरत आदित्य, रमा यादव, बलराम आदित्य, दीपक देवांगन, कन्हैया लाल श्रीवास समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



प्रतिभावान छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

